## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 16.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत और साइप्रस के बीच द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का किया आह्वान, कहा–दोनों देशों के बीच सहयोग से विकास की अपार संभावनाएं।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 16वीं जनगणना के लिए जारी की अधिसूचना, पहली बार जाति जनगणना के साथ दो चरणों में संपन्न होगा अभियान।
- 400 करोड़ रुपये की लागत से रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर बनकर तैयार, 19 जून को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन।
- राज्य सरकार झारखंड के कलाकारों के निबंधन और बीमा की बनाएगी योजना, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा–कलाकारों को सुरक्षा और सम्मान देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- मौसम विभाग ने कल दक्षिण–पश्चिमी जिलों में भारी बारिश की जताई संभावना।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइप्रस के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता पर बल दिया है। साइप्रस यात्रा के दौरान श्री मोदी ने व्यापार पर आयोजित विचार–विमर्श को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 23 वर्ष में किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली साइप्रस यात्रा और व्यापार जगत से चर्चा दर्शाती है कि साइप्रस से आर्थिक संबंध भारत के लिये कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि साइप्रस लम्बे समय से भरोसेमंद साझेदार रहा है।

प्रधानमंत्री ने बुनियादी सुधारों के जरिये भारत में आ रहे बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र–एक कर की अवधारणा के तहत माल और सेवा कर–जीएसटी लागू किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत में डिजिटल क्रांति आई है और वित्तीय समावेशन वैश्विक उदाहरण बन गया है।

*******************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 16वीं जनगणना के लिए अधिसूचना जारी की। इस जनगणना में पहली बार जाति जनगणना भी शामिल होगी। 34 लाख संगणक और सुपरवाइजर तथा लगभग एक लाख तीस हजार जनगणना कर्मी द्वारा अत्याधुनिक मोबाइल डिजिटल उपकरणों के साथ यह अभियान संचालित किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक घर की स्थिति, परिसम्पत्तियां और सुविधाओं संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। दूसरे चरण में आबादी की गणना, जनसांख्यिकी, सामाजिक–आर्थिक, सांस्कृतिक और प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित अन्य विवरण दर्ज किया जाएगा। स्वतः संगणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। डेटा संग्रह और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े उपाय किये जाएंगे।

*******************

रांची के लोगों को 19 जून को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिलने जा रही है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करेंगे। लगभग 3 दशमलव पाँच सात किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया गया है। 400 करोड़ रुपये की लागत से इस कॉरिडोर का निमार्ण 26 महीने में किया गया।

*******************

झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने 28 जून को राजभवन के समक्ष महाधरना की घोषणा की है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें नियुक्ति से जुड़ा कोई आधिकारिक पत्र नहीं दिया गया, जिससे भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे कार्य बहिष्कार करेंगे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

हजारीबाग में आयोजित कलाकार महोत्सव में कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने सराहा। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड सरकार के कला–संस्कृति मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि राज्य सरकार कलाकारों के निबंधन और बीमा के लिए योजना बना रही है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस योजना को अंतिम रूप देकर पूरे राज्य के कलाकारों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

*******************

झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य में विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता संवर्धन के लिए गुमला सहित सभी 24 जिलों से शिक्षा पदाधिकारियों को पुणे भेजा जा रहा है।

*******************

घरेलू शेयर बाजार में आज दोपहर के कारोबार में शून्य दशमलव सात प्रतिशत की तेजी देखी गई। विदेशों से मिले तेजी के रूझान के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, धातु और वित्तीय सेवा क्षेत्र के शेयरों के रफ्तार पकड़ने से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक–सेंसेक्स पांच सौ 83 अंक की बढत के साथ 81 हजार सात सौ एक अंक पर और निफ्टी 24 हजार एक सौ 90 अंकों की तेजी लेकर 24 हजार 909 अंको पर कारोबार कर रहा था।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव तीरानबे हजार दो सौ उनसठ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख नौ हजार पचपन रुपये प्रति किलो है।

*******************

मौसम विभाग ने कल दक्षिण–पश्चिमी जिलों में भारी बारिश और 18 जून को उत्तरी–मध्य भागों में बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। आज रांची में 87 प्रतिशत उमस और अधिकतम तापमान 35 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान डालटेनगंज में 40.9 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 23.9 डिग्री दर्ज किया गया।

*******************

सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक में क्रिकेट को झारखंड की खेल नीति में शामिल करने की मांग उठी। बैठक में कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी और पुलिस अधीक्षक मोहम्मद अर्शी समेत कई प्रतिनिधि शामिल हुए। एसोसिएशन ने क्रिकेट स्टेडियम और एकेडमी के लिए जमीन की भी मांग की। इस मौके पर अध्यक्ष विजय पूरी ने कहा कि अगर सरकार क्रिकेट को नीति में शामिल करती है तो सिमडेगा क्रिकेट की भी नर्सरी बन सकती है।

*******************